शासकीय ई राघवेन्द्र राव विज्ञान स्नातकोत्तर महाविद्यालय बिलासपुर
एल्यूमनी एसोसिएशन बैठक कार्यवाही

दिनांक :- 08/12/2019

आज दिनांक 08-12-2019 को शासकीय ई राधवेन्द्र राव विज्ञान स्नातकोत्तर महाविद्यालय बिलासपुर के एल्यूमनी एसोसिएशन के सामान्य सभा की बैठक महाविद्यालय के कक्ष क्रमांक 01 में संपन्न हुई। बैठक मे महाविद्यालय से उत्तीर्ण हुए 1970 के दशक से लेकर 2020 के दशक तक के भूतपूर्व छात्र-छात्राओं की उपस्थिति अत्यंत सुखद एवं उत्साहवर्धक रही।

बैठक मे उपस्थिति सभी एल्यूमनी का डॉ. के.पी. तिवारी (प्रभारी प्राध्यापक) द्वारा स्वागत किया गया। तत्पश्चात एसोशिएशन के सचिव डॉ. जी.ए. धनश्याम ने नैक(छ।।ब्) मुल्यांकन मे एल्यूमनी एसोसिएशन की भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला। सामान्य सभा की बैठक मे बहुप्रतिक्षित प्रबंध समिति ने सदस्यों के निर्वाचन की प्रक्रिया सर्वसम्मति से संपन्न हुई जिसमे एसोशिएशन के प्रस्तावित ठल संॅ्रे को अंतिम रूप से मान्य करते हुए ठल संॅ्रे के अनुसार सर्वसम्मति से निम्नानुसार मनोनयन किया गया:-

अध्यक्ष	-	डॉ. सुशील कुमार श्रीवास्तव
उपाध्यक्ष	-	श्री सुरेन्द्र गुम्बर
	-	डॉ. आर.एस. खेर
सचिव	-	डॉ. जी.ए. धनश्याम
सहसचिव	-	डॉ. अलका राहलकर
	-	श्री अनिल छाबडा
कोषाध्यक्ष	-	श्री अनिल छाबडा

कार्यकारिणी सदस्य:-

1. डॉ. चन्द्रशेखर राहलकर
2. श्री योगेश तिवारी
3. डॉ. नीता श्रीवास्तव
4. डॉ.अशोक येण्डे
5. डॉ.मिथलेश मिश्रा
6. श्री अनिल साहू
7. श्री जी. ए. अश्विन कुमार
8. श्री नरोत्तम पुरले
9. श्री राम भजन
10. श्री बाबा मार्तण्ड प्रसाद

कार्यकारिणी सदस्यों के मनोनयन के पश्चात महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एस.आर. कमलेश ने बैठक को संबोधित करते हुए महाविद्यालय के विकास यात्रा की रूपरेखा प्रस्तुत की तथा महाविद्यालय के विकास मे एल्यूमनी एसोशिएशन की भूमिका को देखते हुए इसे और मजबूत किये जाने पर जोर दिया। महाविद्यालय के एल्यूमनी डॉ. राहलकर ने चिकित्सा सेवा तथा श्री योगेश तिवारी, श्री अनिल रॉय आदि ने बैंकिंग सेवा से संबंधित कार्यो में महाविद्यालय को सहयोग प्रदान किये जाने का संकल्प लिया। अन्य सभी एल्यूमनी ने महाविद्यालय के विकास मे हर स्तर पर हर संभव सहयोग का संकल्प

लिया। महाविद्यालय मे वर्तमान मे पदस्थ सभी प्राध्यापक / सहायक प्राध्यापक जो एल्यूमनी एसोसिएषन के सदस्य है प्रत्येक ने रु 5000/एसोसिएषन फण्ड मे देने की घोषणा की ।

एल्यूमनी एसोशिएशन कि सदस्यता के संबंध में निर्णय लिया गया की सभी एल्यूमनी जिन्हे महाविद्यालय से अंतिम परीक्षा उत्तीर्ण हुए 10 वर्ष हो चुके है, 1000/- (एक हजार) रूपये प्रति वर्ष सदस्यता शुल्क एल्यूमनी फंड मे देंगे शेष एल्यूमनी 100/- रूपये जमा कर सदस्यता प्राप्त कर सकेंगे। सदस्यता शुल्क जमा करने हेतु एसोशिएशन का खाता क्र. व आई.एफ.एस.सी कोड़ सार्वजनिक किया जाए ताकी सदस्य सीधे खाते मे सदस्यता शुल्क जमा कर सके।

सदस्यता शुल्क जमा करने वाले सदस्यो की सूची समय-समय पर ॅॅीॅजेंचच हतवनच मे प्रसारित किया जाये। सदस्यता शुल्क नगद अथवा धनादेश के माध्यम से डॉ. के.पी. तिवारी/ डॉ. अवनीश साव/ श्रीमति उषा राठौर के पास जमा कर सकेंगे।

बैठक के अंत मे वरिष्ठ एल्यूमनी डॉ.यू.के. श्रीवास्तव द्वारा सभी सदस्यो को धन्यवाद ज्ञापित किया गया तथा भविष्य में इसी तरह उत्साह तत्परता व स्वेच्छा से महाविद्यालय के विकास मे अपनी भूमिका निर्वहन करते रहने हेतु शुभकामनाएं प्रकट की गई।